2 फरीदाबाद अवैध प्लॉटिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकारी धन का किया दुरुपयोग

6 अभिमत कठोर परिश्रम पर भाजपा का विश्वास

9 देश-विदेश मोदी सरकार ने लद्दाख के लोगों को धोखा दिया : खड़गे

11 फीचर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं भारतीय स्टार कछुए

RNI NO. HARHIN/2018/75109

फरीदाबाद, मंगलवार, 24 जनवरी, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana





न्यूजीलैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय टीम

पेज - 12


# पराक्रम दिवस पर देशभक्ति से ओत–प्रोत कार्यक्रम आयोजित



**अग्रवाल कालेज में नेताजी सुभाष चंद बोस की जंयती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि देते गंगा शंकर मिश्र ,प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता व अन्य।**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में सोमवार को महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की इकाइयों द्वारा पराक्रम दिवस के उत्सव पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगा शंकर मिश्र, प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत तथा महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसर्स ने नेताजी को नमन कर उन्हें पुष्प अर्पित किए। सरोज कुमार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला प्रमुख, भूपेंद्र मल्होत्रा, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख, कुशल ठाकुर, समाज सेवी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम आयोजक और महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई के संयोजक डा. जयपाल सिंह ने कालेज ऑडिटोरियम में सभा को नेताजी के विचारों और उनके जीवन से मिलने वाली सीख से अवगत कराया। मुख्य अतिथिराष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के हरियाणा प्रांत सम्पर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र ने विद्यार्थिओ को नेताजी के जीवन के कई अनछुए पहलुओं से रूबरू कराया। नेताजी के देशप्रेम के प्रसंग तथा विद्यार्थियों का उनके वक्तव्य के प्रति आकर्षण देखने योग्य था।